# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट  नकहरा रोड, मीरजापुर।

Email Id- jalnigam3@gmail.com  Mo. No.- 9473942677


सेवा में,


जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 14363 / एम–6 / 190 दिनांक 15.09.2026

विषयः– **जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 15.09.2026 को "मिर्जापुर के 4 गांवों में महीनों से पानी की सप्लाईः ग्रामीण परेशान, अधिकारी गलत रिपोर्ट लगाते है, जांच का भरोसा मिला " शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 15.09.2026 को "मिर्जापुर के 4 गांवों मे महीनों से पानी की सप्लाईः ग्रामीण परेशान, अधिकारी गलत रिपोर्ट लगाते है, जांच का भरोसा मिला" शीर्षक खबर प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड कोन में महुआरी ग्राम समूह पेयजल योजना–भूजल स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम कोल्हुआ शाह में कुल 267 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है, जिसके सापेक्ष 100 नग हाउस कनेक्शनों में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है। पुरजागीर चौराहे से गंगा घाट मार्ग का चौड़ीकरण कार्य के दौरान पूर्व में बिछायी गयी मुख्य पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण ग्राम गहिया, कोल्हुआ भोज, रामपुर एवं कोल्हुआ शाह के नल कनेक्शनों में जलापूर्ति बाधित है। उक्त क्षतिग्ररत पाइप लाइन के मरम्मतीकरण हेतु लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।



भवदीय

(विश्वजीत)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता